कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वाररोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :*ukmssbdun@gmail.com*; Website : ***www.ukmssb.org***, Phone: **0135 2665366**

विज्ञप्ति संख्याः 46 / 2026 **दिनांक** 17 नवम्बर, 2026

–ःप्रतीक्षा सूचीः–

उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विभागान्तर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेज में फार्मासिस्ट (भेषज) के रिक्त 73 पदो पर जारी परीक्षा परिणाम के सापेक्ष प्रतीक्षा सूची

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, चिकित्सा शिक्षा निदेशालय उत्तराखण्ड के पत्र संख्या–2784 / चि0शि0 / 03(मेडिकल) / 78(भेषज) / 2014–24 दिनांक 08 सितम्बर 2026 के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा उत्तराखण्ड विभागान्तर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेज में फार्मासिस्ट (भेषज) के रिक्त 73 पदों के सापेक्ष चयनित 64 अभ्यर्थियों (08 पद मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में रोके गये हैं) में से 08 अभ्यर्थियों (02 पद अनारक्षित श्रेणी में उत्तराखण्ड महिला उपश्रेणी के अन्तर्गत, 04 पद अनुसूचित जाति श्रेणी के अन्तर्गत, 01 पद आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग श्रेणी के अन्तर्गत तथा 01 पद अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अन्तर्गत) द्वारा योगदान न किये जाने पर पात्रता निरस्त करते हुए प्रवीणता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची में से नाम उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गई।

बोर्ड द्वारा पत्र संख्या उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 15 / 2024–25 / 881, दिनांक 17 नवम्बर, 2026 द्वारा फार्मासिस्ट (भेषज) पद हेतु प्रकाशित विज्ञापन एवं सेवा नियमावली के मानकों के आधार पर वर्षवार योग्यताक्रम में, जैसा कि अभ्यर्थी द्वारा डिप्लोमा में प्राप्त अंकों से प्रकट हो, के आधार पर आरक्षण का लाभ देते हुए प्रवीणता के आधार पर प्रतीक्षा सूची में स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की आधिकारिक वैसबाइट www.ukmssb.org पर प्रकाशित कर दी गई है।

ह0 / –
(सुनील सिंह)
सचिव